Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A. Sc. Com/H/15**

# 2015

## HINDI

## ( Modern Indian Language )

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt all parts of a question together at one place.

(iii) General Candidates are not allowed to attempt the Questions meant for Elementary School Teacher Candidates.

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1×10=10

(क) गोस्वामी तुलसीदास रामभक्ति शाखा के सर्वोपरि कवि हैं।

(ख) शमशेर बहादुर सिंह 'उर्दू-हिन्दी कोश' के सम्पादक थे।

(ग) 'बादल राग' कविता 'अनामिका' में छह खण्डों में प्रकाशित है।

(घ) बाजार की असली कृतार्थता है आवश्यकता के समय काम ना आना।

(ङ) ढोलक की आवाज़ मृत-गाँव में संजीवनी शक्ति नहीं भरती थी।

(च) चार्ली चैप्लिन की फिल्में भावनाओं पर टिकी हुई हैं, बुद्धि पर नहीं।

(छ) रज़िया सज्जाद ज़हीर मूलतः उर्दू की कहानी लेखिका हैं।

(ज) जातिप्रथा मनुष्य को जीवन-भर के लिए एक ही पेशे में बाँध देती है।

(झ) 'बात सीधी थी पर' नामक कविता 'कोई दूसरा नहीं' संग्रह में संकलित है।

(ञ) 'आत्मपरिचय' नामक कविता के कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हैं।

**2.** कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(क) शेर के बच्चे का असल नाम था ——। (चाँद सिंह / बादल सिंह)

(ख) —— ही धन की ओर झुकता है। (सबल / निर्बल)

(ग) उषा —— के ठीक पहले के पल-पल परिवर्तित प्रकृति का शब्द-चित्र है। (सूर्यास्त / सूर्योदय)

(घ) मैं यौवन का —— लिए फिरता हूँ। (उन्माद / अवसाद)

(ङ) 'विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते' —— कविता की पंक्ति है। (उषा / बादल राग)

**3.** प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) 'नारि हानि बिसेष छति नाहीं'—किस कवि की उक्ति है?

*(i)* सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

*(ii)* कुँवर नारायण

*(iii)* तुलसीदास

*(iv)* कबीरदास

(ख) 'बादल राग' कविता में 'बादल' किसका प्रतीक है?

*(i)* वर्षा

*(ii)* क्रान्ति

*(iii)* भैरव संगीत

*(iv)* ध्वंस

(ग) हिन्दुस्तान-पाकिस्तान की एकता का मेवा क्या है?

*(i)* नमक

*(ii)* कीनू

*(iii)* डाभ

*(iv)* बादाम

(घ) श्यामनगर के राजा का नाम क्या था?

*(i)* श्यामानन्द

*(ii)* रामानन्द

*(iii)* नित्यानन्द

*(iv)* देवानन्द

(ङ) लेखक ने चार्ली का भारतीयकरण किसे कहा?

*(i)* अमिताभ बच्चन

*(ii)* दिलीप कुमार

*(iii)* देवानन्द

*(iv)* राज कपूर

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *100* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) आज की भारतीय नारी

(ख) प्रदूषण : कारण और निवारण

(ग) शिलांग के दर्शनीय स्थल

(घ) नैतिक पतन : देश का पतन

(ङ) मेरी प्रिय पुस्तक

**5.** समय के सदुपयोग और परिश्रम पर बल देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए। 10

**अथवा**

अपनी गली / मोहल्ले की नालियों की समुचित सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में (क) **अथवा** (ख) का उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10

सन्तोष रूपी धन के सामने अन्य सभी प्रकार के धन धूल के समान व्यर्थ हैं। मनुष्य के पास अनेक प्रकार के धन हो सकते हैं—सुख-सुविधाओं के रूप में, भोग-विलास की सामग्रियों के रूप में या पैसे के रूप में, परन्तु इनमें से किसी भी प्रकार का धन मनुष्य को सच्चा सुख नहीं देता। इन सबको, विशेष रूप से पैसे को प्राप्त करने पर तृप्ति नहीं होती, बल्कि अधिकाधिक प्राप्त करने की लालसा उत्पन्न होती है। कामना कभी कम नहीं होती। चंचल मन कभी भी सन्तुष्ट नहीं होता। मनुष्य सदा असन्तुष्ट रहता है और नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर गलत काम करने में भी नहीं हिचकिचाता। परन्तु जब मनुष्य सन्तोष रूपी धन प्राप्त कर लेता है, तब उसे अन्य किसी प्रकार के धन की कामना नहीं रहती। जब सन्तोष आ जाता है, तो सारी इच्छाएँ और लोभ स्वयंमेव समाप्त हो जाते हैं। सन्तोष आ जाने से ऐसी आनन्दमयी दशा हो जाती है, जिसमें न ईर्ष्या होती है न द्वेष, न लोभ होता है न लालच, जीवन बस आनन्द से भरपूर होता है। इस धन के प्राप्त होने पर अन्य सभी प्रकार के धन निरर्थक प्रतीत होते हैं।

*(i)* सन्तोष के सामने क्या व्यर्थ है?

*(ii)* मन को चंचल क्यों कहा गया है?

*(iii)* सन्तोष रूपी धन के प्राप्त होने पर क्या होता है?

*(iv)* पैसा प्राप्त करने पर क्या होता है?

*(v)* उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए।

**अथवा**

(ख) *(i)* निम्न शब्दों की सन्धि कीजिए (कोई **चार**) : 1×4=4

(अ) महा + उत्सव

(आ) देव + ऋषि

(इ) सम् + सार

(ई) जगत् + नाथ

(उ) अति + अन्त

(ऊ) इति + आदि

*(ii)* निम्न शब्दों के समास-विग्रह कीजिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) त्रिलोचन

(आ) प्रतिदिन

(इ) आजकल

(ई) यथासमय

(उ) हार-जीत

*(iii)* निम्न वाक्यों में सरल, मिश्रित और संयुक्त वाक्य पहचानिए (कोई **तीन**) : 1×3=3

(अ) हर्ष गीत गा रहा है।

(आ) सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।

(इ) जब वर्षा होती है, मोर नाचने लगते हैं।

(ई) मैंने उसे बहुत समझाया पर वह न मानी।

(उ) जो झूठ बोलता है उसे कोई प्यार नहीं करता।

**7.** निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5×2=10

(क) आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था
ज़ोर जबरदस्ती से
बात की चूड़ी मर गई
और वह भाषा में बेकार घूमने लगी।

**अथवा**

जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबरकर हीना॥
अस मम जिवन बंधु बिनु तोही। जौं जड़ दैव जिआवै मोही॥

(ख) नए राजकुमार ने विलायत से आते ही राज्य को अपने हाथ में ले लिया। राजा साहब के समय शिथिलता आ गई थी, राजकुमार के आते ही दूर हो गई। बहुत से परिवर्तन हुए। उन्हीं परिवर्तनों की चपेटाघात में पड़ा पहलवान भी। दंगल का स्थान घोड़े की रेस ने लिया।

**अथवा**

चैप्लिन ने न सिर्फ़ फिल्म कला को लोकतांत्रिक बनाया बल्कि दर्शकों की वर्ग- तथा वर्ण-व्यवस्था को तोड़ा।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) 'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है?

(ख) राम ने लक्ष्मण के किन गुणों का उल्लेख किया है?

(ग) चार्ली सबसे ज्यादा स्वयं पर कब हँसता है?

(घ) लेखक के मत से 'दासता' की व्यापक परिभाषा क्या है?

(ङ) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहान्त के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5×2=10

(क) श्रम-विभाजन की दृष्टि से जातिप्रथा गम्भीर दोषों से युक्त है। स्पष्ट कीजिए।

(ख) नमक ले जाने के बारे में सफिया के मन में उठे द्वन्द्वों के आधार पर उसकी चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(ग) ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

(घ) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) खुदाई में मिले महाकुण्ड के बारे में बताइए।

(ख) सिन्धु सभ्यता की खूबी उसका सौन्दर्य बोध है जो राजपोषित या धर्मपोषित न होकर समाजपोषित था। ऐसा क्यों कहा गया?

(ग) ऐन हॉलैंड की तत्कालीन दशा के बारे में क्या बताती है?

(घ) ऐन अपनी सहायता करने वाले लोगों के बारे में क्या विचार व्यक्त करती है?

(ङ) ऐन अधिक से अधिक कपड़े ले जाने के लिए क्या करती है और क्यों?

**( For Elementary School Teacher Candidates only in lieu of Question No. 10 )**

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दस**) : 2×10=20

(क) कवि ने भोर के नभ को राख से लीपा हुआ चौका क्यों कहा?

(ख) किस पर बाजार का जादू नहीं चलता और क्यों?

(ग) ''अशनि पात से शापित उन्नत शत-शत वीर''—पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'रामचरितमानस' में कुल कितने काण्ड हैं?

(ङ) चार्ली के फिल्मों की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) 'बात की चूड़ी मर जाना' का अर्थ क्या है?

(छ) हरिवंश राय बच्चन की दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(ज) लुट्टन पहलवान किस कहानी का पात्र है?

(झ) डॉ० भीमराव अम्बेडकर का परिचय दीजिए।

(ञ) 'नमक' किसकी रचना है?

(ट) चार्ली चैप्लिन की किसी एक फिल्म का नाम लिखिए।

(ठ) 'अतीत में दबे पाँव' के लेखक कौन हैं?

(ड) ऐन फैंक का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ढ) सिन्धु सभ्यता के दो प्रमुख नगरों के नाम लिखिए।

(ण) ऐन की बहन को कहाँ से बुलावा आया था?

★★★